





# खंडवा में 'मौत' के मुहाने पर जिंदगी

## डीपी से सटी भट्टियां और मॉल, हादसे का खतरा





**नवभारत न्यूज़।**

**खंडवा ।** शहर अब विकास की दौड़ में नहीं, बल्कि हादसों की होड़ में शामिल होता दिख रहा है। शहर के सबसे व्यस्ततम और पॉश इलाकों में जिस तरह बिजली के हाई-वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर के नीचे बाज़ार सज रहा है, वह किसी 'टाइम बम' से कम नहीं है। बड़ाबम स्थित सुपर बाजार हो या सबसे व्यस्तम जलेबी चौक हो या संवेदनशील क्षेत्र जिला चिकित्सालय पड़ावा। हर जगह मौत के साये में कारोबार चल रहा है। और विडंबना यह है कि जिम्मेदार प्रशासन शायद आंख मूंद बड़े हादसे के इंतजार में है।

### तस्वीरें बयां कर रहीं लापरवाही की दास्तां

हमारे कैमरे में कैद हुई तस्वीरें प्रशासन के सुरक्षा दावों की पोल खोलने के लिए काफी हैं। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि बिजली के भारी-भरकम ट्रांसफॉर्मर, जिनमें हजारों वोल्ट का करंट दौड़ रहा है, उनके ठीक बगल में बेखौफ होकर व्यवसाय संचालित किया जा रहा हैं। कहीं 'जूस बार' और नाश्ते की दुकानें डीपी से सटकर चल रही हैं, तो कहीं किराना से लेकर कपड़ों का बाजार इन ट्रांसफार्मरों के नीचे लगा है।

तीन प्रमुख हॉटस्पॉट, जहां मंडरा रहा है काल

- बड़ाबम पर शॉपिंग मॉल- शहर का यह इलाका सबसे व्यस्त माना जाता है। यहाँ डीपी से सटाकर मॉल संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में खरीदार बच्चों के संग पहुंचते है। जरा सी स्पार्किंग यहाँ मौजूद लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है।
- जिला अस्पताल के सामने- यह स्थिति और भी भयावह है। जहाँ लोग जीवन की आस लेकर जिला अस्पताल आते हैं, ठीक उसके सामने मेन रोड़ पर ही डीपी के इर्द-गिर्द अवैध अतिक्रमण का बोलबाला है। यहाँ खाने-पीने की दुकानों पर जलती हुई गैस भट्टियां और ऊपर लटकते बिजली के तार एक बड़े विस्फोट को न्यौता दे रहे हैं।
- जलेबी चौक- शहर के सबसे व्यस्तम और हर समय भीड़ भाड़ वाले इस इलाके में तो स्थिति और भी विस्फोटक है। दिन में यहाँ पार्किंग तो छोड़ो पैदल निकलने तक की जगह नहीं रहती, लेकिन डीपी के नीचे ही मिठाई, नाश्ता और खाना बनाकर परोसा जा रहा है । डीपी से सटा कर ही गैस टैंकी और बड़े चूल्हो पर खाना पकाया जा रहा है।

अगर यहाँ कोई शॉर्ट सर्किट हुआ, तो आसपास किसी का बच पाना नामुमकिन हो जाएगा।

### जिमेदार कौन? बिजली कंपनी या नगर निगम?

नियमों के मुताबिक, ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर एक निश्चित 'सेफ्टी जोन' खाली होना अनिवार्य है। लेकिन खंडवा में नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। बिजली वितरण कंपनी यह कहकर पल्ला झाड़ लेती है कि अतिक्रमण हटाना उनका काम नहीं, जबकि नगर निगम का अमला इन इलाकों से गुजरता तो है, पर उन्हें यह खतरा दिखाई नहीं देता। ऐसा लगता है कि दोनों विभागों के बीच को-ऑर्डिनेशन की कमी का खामियाजा आम जनता को अपनी जान देकर चुकाना पड़ेगा।

### हादसे का इंतजार क्यों?



अतीत में कई शहरों में ट्रांसफॉर्मर फटने या शॉर्ट सर्किट से भीषण आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। तेल से भरे ये ट्रांसफॉर्मर जब फटते हैं, तो बम जैसा असर करते हैं। इसके बावजूद, डीपी के नीचे जलते गैस चूल्हे और भीड़-भाड़ यह बताने के लिए काफी है कि हम सुरक्षा को लेकर कितने लापरवाह हैं.

# खेत में तालाब नहीं, लेकिन निकाल ली राशि

## जनसुनवाई में सख्ती और संवेदना साथ-साथ



**नवभारत न्यूज़।**

**खंडवा ।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में प्रशासन के दो अलग-अलग पहलू देखने को मिले। एक तरफ जहाँ पंचायतों में चल रहे ぉकागजी निर्माण कार्यों ぉ के भ्रष्टाचार पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सख्त तेवर दिखाए, वहीं दूसरी ओर एक दिव्यांग की बेबसी सुनकर तत्काल मदद के दरवाजे भी खोल दिए। जनसुनवाई में भ्रष्टाचार का सबसे गंभीर मामला सिहाड़ा पंचायत से आया। ग्रामीण शफी, रहीम और बाबू ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके खेतों में पंचायत ने तालाब निर्माण के नाम पर 1.23 लाख और 1.59 लाख रुपए की राशि आहरित कर ली है, जबकि मौके पर एक फावड़ा तक नहीं चला। इसी तरह हरसूद की ग्राम पंचायत तोरन्या में भी पशुओं के लिए पानी की टंकी बनाए बिना राशि निकालने की शिकायत मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने जिला पंचायत ष्टश्वह्र को जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### गुरुदास को अब हर महीने मिलेगा मुफ्त राशन

छैगांवमाखन के ग्राम चमाटी से आए दिव्यांग गुरुदास ने जब अपनी गरीबी और मजदूरी करने में असमर्थता जताई, तो कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर गुरुदास का अंत्योदय कार्ड बनवाने की प्रक्रिया शुरू करवाई। 2-3 दिनों में उसे मुफ्त राशन मिलना शुरू हो जाएगा। ग्राम भंडारिया के रहवासियों ने गांव में अवैध शराब बिक्री से खराब होते माहौल की शिकायत की, जिस पर आबकारी विभाग को कार्रवाई के निर्देश मिले। नहर का पानी- ग्राम जामली सैयद के किसानों ने सिंचाई के लिए नहर का पानी छोड़ने की मांग की, जिसे लेकर नर्मदा घाटी विकास विभाग को समय-सीमा में निराकरण के लिए कहा गया है।

## एक नज़र मे

### जिमखाना क्लब ने जीता बाबा 11 क्रिकेट टूर्नामेंट



**खंडवा।** जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड पर बाबा 11 के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जिम खाना क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए के के आर टीम को 10 रनों से पराजित कर फाइनल मुकाबला जीता। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष बाबा 11 क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में स्वर्गीय पिंटू लाल जी की स्मृति में शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जिम खाना क्रिकेट मैदान पर आयोजित होता है इस वर्ष भी क्रिकेट प्रतियोगिता में 20 टीमों ने भाग लिया और अपना शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल जिमखाना क्लब और के.के.आर के मध्य हुआ, जिम खाना ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 129 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए कर की टीम 119 रन नहीं बन पाई और जिम खान ने जिमखाना ने शानदार 10 रनों से जीत अर्जित की। इस अवसर पर फाइनल मुकाबले में उपस्थित अतिथि विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे मंगल यादव राजपाल सिंह चौहान नानू बाबा ने विजेता और उपविजेता टीम को बधाई देते हुए बाबा 11 के सभी पदाधिकारीयो को धन्यवाद दिया। बाबा 11 के संयोजक मनीष कप्तान ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विधायक कंचन मुकेश तनवे, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे, राजपाल सिंह चौहान, मंगल यादव, नानूजी बाबा, गोपी शर्मा, पुष्पेंद्रजी दादा समाजसेवी सुनील जैन, प्राणेश बजाज सदानंद यादव उपस्थित थे। आयोजक मनीष कप्तान व सभी साथियों ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। फाइनल मुकाबले का संचालन मनीष कप्तान ने किया।

### बाल हित सर्वोपरि का खंडवा मॉडल बना प्रदेश के लिए प्रेरणा

**खंडवा।** बाल हित सर्वोपरि की भावना को केंद्र में रखकर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति खंडवा ने बीते एक वर्ष में ऐसा कार्य किया है, जो पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन रहा है। जब निर्णयों में संवेदनशीलता और कार्यवाही में करुणा जुड़ती है, तब बाल अधिकार कागज़ों से निकलकर बच्चों के सुरक्षित भविष्य की नींव बनते हैं—खंडवा इसका सशक्त उदाहरण है। खंडवा प्रवास के दौरान सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल राजेश पाटिल ने बाल देख-रेख संस्थाओं का निरीक्षण किया और समिति के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि खंडवा मॉडल यह सिद्ध करता है कि त्वरित, संवेदनशील और न्यायसंगत निर्णय बाल संरक्षण व्यवस्था में समाज का भरोसा पैदा करते हैं। प्रथम वर्ग श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट समकक्ष एवं समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में समिति ने न्याय और मानवीय दृष्टिकोण का संतुलन बनाए रखा है।

# निगम के प्रथम नेता प्रतिपक्ष गेहीराम सीतलानी का निधन

**नवभारत न्यूज़।**

**खंडवा ।** सिंधी समाज के समाजसेवी गेहीराम सीतलानी का मंगलवार को दुखद निधन हो गया। वे नगर निगम की पहली परिषद में नेता प्रतिपक्ष रहे और भाजपा में आजीवन समर्पित भूमिका निभाई।

श्री सीतलानी सिंधु विकास परिषद, पूज्य सिंधी पंचायत और शहर की सबसे पुरानी दशहरा उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक थे। गरीबों को रहवासी पट्टों के आवंटन में उनकी ऐतिहासिक भूमिका और निस्वार्थ



समाज सेवा को शहर सदैव याद रखेगा। उनके निधन से व्यापारिक, राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर है। उनकी अंतिम यात्रा कल बुधवार सुबह 11:00 बजे उनके निज निवास से निकलकर मुक्तिधाम जाएगी।

### स्कूलों में संचालित स्मार्ट क्लास रूम का सत्यापन कर रिपोर्ट दें

**खण्डवा,** जनवरी 2026, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने शिक्षा विभाग के सभी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों को निर्देश दिए हैं कि नीति आयोग के माध्यम से जिले के जिन प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम संचालित हैं, उनका तत्काल सत्यापन करें। उन्होंने इसकी विस्तृत रिपोर्ट जिला शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक के माध्यम से गुरूवार शाम तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# टीएल बैठक में निगम आयुक्त सख्त

**नवभारत न्यूज़।**

**खंडवा ।** भोपाल से आयोजित टीएल बैठक की वर्चुअल समीक्षा में नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत ने शहर की सफाई, पानी और निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों के पेंच कसे। झोन क्रमांक-01 पर आयोजित बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नागरिक सुविधाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश जल प्रदाय को लेकर दिए गए। आयुक्त ने शहर में हो रही पानी की बर्बादी को वर्तमान 60 प्रतिशत से घटाकर 15-20 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य निर्धारित किया। इसके लिए अवैध कनेक्शन कम करने और लीकेज सुधारने होंगे। साथ ही, %मोबाइल वॉटर टेस्टिंग लैब% की कार्ययोजना बनाने और केमिस्ट की नियुक्ति का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया, ताकि नागरिकों को शुद्ध जल मिले।आमजन को अपनी शिकायतों के लिए निगम मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए अब 'झोन-वार जनसुनवाई ' शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हें भी समय-सीमा में करें पूरा

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सत्यापन एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करें। शहर में मिस्टिंग टावर जल्द लगाए जाएं और लगने से पहले व बाद में वहां के एक्यूआई की जांच हो। किशोर समाधि स्थल के बंद पड़े फाउंटेन शीघ्र चालू किए जाएं। फायर स्टेशन का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो।

आयुक्त ने विश्वा कंपनी के कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने की ताकीद भी दी।

# निर्मल धाम बस्ती में हिंदू सम्मेलन संपन्न

**नवभारत न्यूज़।**

**खंडवा ।** निर्मल धाम बस्ती का हिंदू सम्मेलन अनमोल विहार कॉलोनी रविवार 4 जनवरी को शिव मंदिर प्रांगण में रखा गया था जिसमें सभी निर्मल धाम बस्ती के लोगों को मंदिर प्रांगण में तिलक लगाकर प्रवेश किया गया उसके बाद अतिथियों का शाल श्री फल एवम भगवा दुपट्टे से स्वागत किया गया रंगोली सौम्या दलाल एवम स्नेहा खिनौतिया द्वारा बनाई गई मंच पर शैलेन्द्र पांडे जी ,मनोहर सोनी जी,धीरज बरोले जी एवम मात्र शक्ति में सुशीला राठौड़ मंचासीन रहे सभी अतिथियों के उद बोधन के बाद भारत माता की आरती की इसके पश्चात सभी निर्मल धाम बस्ती के लोगों ने भोजन प्रसादी प्राप्त की मंच संचालन महेंद्र मंडलोई द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन श्याम दलाल द्वारा किया गया इस अवसर पर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई त्रिलोक खतवासे,सदानंद पटेल,मोहन सिंह चौहान,नेमीचंद यादव,देवेंद्र जोशी, मनीष तंवर राधेश्याम चंद्रोडे सचिन पाल अंकित गुप्ता देवेंद्र



गुजर आनंद गुप्ता,श्याम दलाल राधेश्याम। अठनेरे प्रमोद अर्झरे जयपाल चौहान, महादेव बायस्कर गिरीशभान तिवारी मनोज बड़सर मुकेश तनवेजी अनीश अर्जहरे एवम मात्र शक्ति में गिरजा दलाल, सुनीता चौहान पूजा पटेल वर्षा गुजर,आशा गढ़वाल,नेहा गुप्ता नायरा गुप्ता सौम्या दलाल,विमला यादव, दीपा गुप्ता उपस्थित थे

# शीतलहर के चलते स्कूल समय बदला, कलेक्टर के निर्देश

**नवभारत न्यूज़।**

**खंडवा ।** खंडवा। जिले में जारी शीतलहर एवं लगातार गिरते तापमान को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूल समय में परिवर्तन के निर्देश जारी किए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी पी. एस. सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि आदेशानुसार अब जिले का कोई भी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय प्रातः 10 बजे से पूर्व संचालित नहीं होगा। यह निर्देश जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर समान रूप से लागू रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आदेश केवल



नियमित कक्षाओं के समय में परिवर्तन से संबंधित है। पूर्व से निर्धारित परीक्षाएं अपने तय समय-सारणी के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी।

यह आदेश विद्यार्थियों को शीतलहर के प्रतिकूल प्रभाव से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है तथा तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

**कायाकल्प** — नागचुन सरपंच सौरभ चौरे ने बदला उजाड़ पड़े मुक्तिधाम का स्वरूप

# अंत भला तो सब भला: ग्राम विकास के साथ मानवता की मिसाल

**नवभारत न्यूज़।**

**खंडवा ।**यूं तो कई पंचायतों ने ग्राम विकास के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित किए हैं, लेकिन ग्राम नागचुन के सरपंच ने मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ मुक्तिधाम का कायाकल्प कर मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश कर दी है।

कहा जाता है कि जीवन का 'अंत भला हो, तो सब भला' होता है। मृत्यु सत्य है, लेकिन अंतिम विदाई सम्मानजनक हो, यह



समाज का दायित्व है। इसी ध्येय के साथ सरपंच सौरभ चौरे ने अपने पिता की अंतिम इच्छा को ही अपना संकल्प मानकर, निजी प्रयासों से वर्षों से उपेक्षित और वीरान पड़े गांव के मुक्तिधाम की तस्वीर बदल दी है। नागचुन का मुक्तिधाम लंबे समय से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा था। उबड़-खाबड़ रास्ते और झाड़ियों के बीच अंतिम संस्कार करना परिजनों के लिए किसी पीड़ा से कम नहीं था। सरपंच सौरभ चौरे ने बीड़ा उठाया कि दुख की घड़ी में किसी परिवार को भटकना न पड़े। उनके अथक प्रयासों से आज वहां पक्का शवदाह गृह बनकर तैयार है। जिस स्थान पर पहले पानी के लिए टैंकरों का इंतजार करना पड़ता था, वहां अब एक स्वच्छ कुएं का निर्माण करवाया गया है, जिससे बारह महीने जल की उपलब्धता रहेगी। आवागमन के लिए सुगम सीमेंट का रोड़ तैयार किया गया है। मुक्तिधाम केवल अंतिम विदाई का स्थल नहीं, बल्कि आत्मिक शांति का केंद्र भी बने, इस विचार के साथ परिसर में बाबा महादेव का एक भव्य मंदिर निर्माणाधीन है। सरपंच सौरभ चौरे ने बताया कि परमार्थ का यह कार्य यहीं नहीं रुकेगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए परिसर में 50 बिल्वपत्र के छायादार वृक्ष लगाए जाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि, यहाँ जो भी कमियां शेष हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।